प्रेस विज्ञप्ति

गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय

पंतनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

प्रौद्योगिकी महाविद्यालय द्वारा सिविल सर्विसेज–2021 परीक्षा में उच्च प्रदर्शन करने वाले अपने पूर्व छात्रों का स्वागत एवं अलंकरण

पंतनगर। 15 जून 2022। विश्वविद्यालय के प्रौद्योगिकी महाविद्यालय एवं टेक्नोलॉजी एलुमनाई एसोसिएशन द्वारा महाविद्यालय के दो पूर्व छात्रों श्री ऐश्वर्य वर्मा तथा श्री अर्पित चौहान सिविल सर्विसेज–2021 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के उपलक्ष्य में प्रौद्योगिकी महाविद्यालय में एक भव्य समारोह आयोजित किया गया, जिसमें उक्त दोनों छात्रों का स्वागत एवं अलंकरण किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति, डा. ए.के. शुक्ला तथा अधिष्ठात्री प्रौद्योगिकी महाविद्यालय, डा. अलकनन्दा अशोक एवं महाविद्यालय के शिक्षकों की उपस्थिति में दोनों छात्रों को उनकी उत्कृष्ट सफलता पर बधाई दी एवं उनके स्वर्णिम भविष्य के लिए शुभकामनाएं व्यक्त की। डा. अलकनन्दा अशोक ने कहा कि प्रौद्योगिकी महाविद्यालय देश का एक मात्र संस्थान है जिसमें इस वर्ष दो विद्यार्थियों ने अपना स्थान बनाया जो कि संस्थान के लिए एक गर्व की बात है। इसी क्रम में प्रौद्योगिकी महाविद्यालय के प्रशिक्षण एवं सेवायोजन प्रकोष्ठ द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में दोनों पूर्व छात्रों द्वारा प्रौद्योगिकी महाविद्यालय में अध्यनरत विद्यार्थियों के साथ बातचीत सत्र आयोजित हुआ, जिसमें विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। इस सत्र में दोनों छात्रों ने सिविल सर्विसेज–2021 परीक्षा में अपनी सफलता के सम्बन्ध में अपने अनुभव का साझा किया। इस कार्यक्रम का संचालन अध्यक्ष, टेक्नोलॉजी एलुमनाई एसोसिएशन, डा. अजीत कुमार द्वारा किया गया तथा कार्यक्रम का आयोजन प्राध्यापक, प्रशिक्षण एवं सेवायोजन, प्रौद्योगिकी महाविद्यालय, डा. डी. एस. मूर्ति द्वारा किया गया।

सिविल सर्विसेज 2021 में उत्कृष्ट प्रदर्शन पर भव्य समारोह में उपस्थित कुलपति, डा. ए.के. शुक्ला एवं अन्य अतिथिगण।